

## एक नजर में

### 14 अप्रैल को निकलेगी भव्य शोभायात्रा, युवाओं ने बनाई रुपरेखा



**खरगोन, निप्र।** 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती महोत्सव मनाने को लेकर शहर के शासकीय महाविद्यालय में रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को भव्य बनाने का संकल्प लिया। बैठक में शामिल एडव्होकेट भागीरथ खतवासे, अमन मकवाने ने बताया शोभायात्रा और अन्य कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया कि बिस्टान नाके से बाबा साहब की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो बिस्टान रोड़ से होते हुए पीजी कॉलेज पहुंचेगी। जयंती महोत्सव पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य .गीत, प्रेरणादायक भाषण और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा। युवाओं ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में शिक्षा, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना है। बैठक में गजेंद्र, इंदर सिंह सोलंकी, अनिल किराड़े, सत्यम मोयदे, विजय भालसे, बबलू निहाले, अजय, रामू, मनदीप सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

### रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल की किल्लत, बिजली की बढ़ी दरों को लेकर फूटा आक्रोश, कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**खरगोन, निप्र।** देशभर में रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल किल्लत के साथ ही मप्र में बढ़ी बिजली दरों के खिलाफ सोमवार को कांग्रेस का आक्रोश फुटा। जिला कांग्रेस कमेटी ने टीआईटी कॉम्पलेक्स परिसर में एकत्रित हुए कार्यकर्ता, पदाधिकारियों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद रैली के रुप में एसडीएम ऑफिस पहुंचे। यहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से पेट्रोल-डीजल, रसाई गैस की किल्लत हो रही है। वहीं बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान अल्लाह की तर्ज पर मप्र सरकार ने भी बिजली के दामों में भारी वृद्धि कर आम जनता पर आर्थिक बोझ डाला है। पहले से ही भारी बिजली बिलों से परेशान मप्र की जनता पर मोहन सरकार ने बिजली महंगी कर उसकी कमर तोडऩे का काम किया है। जिलाध्यक्ष रवि नाईक ने बताया कि हम कांग्रेस पार्टी की ओर से मांग करते है कि मप्र में बढ़ी हुई बिजली की दरें तुरंत वापस लिया जाए। रसोई गैस और पेट्रोल डीजल की कमी को तत्काल दूर किया जाय। अन्यथा कांग्रेस पार्टी आगे भी इस मुद्दे पर आंदोलन करती रहेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू दिनेश पटेल, प्रवक्ता राजेश मंडलोई, नितेश मंडलोई, असलम शेख, मांगीलाल पाटीदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रबी विपणन वर्ष 2026-27 की शुरुआत, खरगोन जिले में 10 अप्रैल से गेहूं उपार्जन

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (स्ह्रक्क) जारी कर दी गई है। इसके तहत इंदौर संभाग में गेहूं उपार्जन का कार्य 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा गेहूं खरीदी को सुचारु, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई है। उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा, तौल, भुगतान एवं भंडारण की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। शासन द्वारा जारी स्ह्रक्क के अनुसार उपार्जन प्रक्रिया का क्रियान्वयन किया जाएगा। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि से अपने नजदीकी उपार्जन केंद्र पर गेहूं विक्रय करें। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपार्जन कार्य के दौरान सतत निगरानी रखी जाए, जिससे गेहूं खरीदी कार्य शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

### शक्ति और भक्ति की बहेगी बयार, 3 अप्रैल को टेमला से निकलेगी देवीशक्ति दर्शन यात्रा



**खरगोन, निप्र।** पूर्व कृषि राज्यमंत्री एवं विधायक बालकृष्ण पाटीदार का गृहग्राम टेमला में धर्म की बयार बह रही है। यहां श्रीकृष्ण चैतन्य संकीर्तन मंडल द्वारा 50 वर्षों से चली आ रही हरे कृष्ण हरे कृष्ण..महामंत्र की अखंड साधना, भक्ति, धर्म और आध्यात्मिक इतिहास रचने की दहलीज पर है। श्रीकृष्ण चैतन्य संकीर्तन मंडल 50 वर्ष की इस भक्तियात्रा को स्वर्ण जयंती महोत्सव के रुप में मना रहा है। इस महोत्सव में समूचा गांव भक्ति में रमा हुआ है। स्वर्ण जयंती महोत्सव के निमित्त 3 अप्रैल को ग्राम से विशाल देवी शक्ति यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा में ग्राम की एक हजार से अधिक माताएं, बहनें और बालिकाएं शामिल होगी। यात्रा युवा उद्यमी एवं सक्रिय समाजसेवी नितिन पाटीदार के संयोजन में निकाली जाएगी। श्री पाटीदार ने बताया कि शक्ति और भक्ति की इस यात्रा में मातृशक्ति जगत जननी पावागढ़ और अंबाजी दर्शन कर श्री सांवरिया सेंठ जी का आर्शीवाद भी लेंगी। भक्ति और शक्ति का यह मिलन केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि टेमला की 50 वर्षों की साधना का सामूहिक उत्सव है। स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष यात्रा का लक्ष्य केवल शक्तिपीठों के दर्शन ही नहीं, बल्कि भक्ति के विभिन्न आयामों को समेटना है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु पावागढ़ और अंबाजी मां शक्ति के चरणों में वंदन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। सांवरिया सेठ में शक्ति उपासना के साथ-साथ चित्तौडग़ढ़ स्थित प्रसिद्ध सांवरिया जी के दर्शन कर भक्ति की धारा को पूर्णता देंगे।

**पाटीदार का प्रभावी मार्गदर्शन :-** उल्लेखनीय है कि हाल ही में ग्राम के पुरुषों की श्रीराम लला जन्मस्थली अयोध्या की पांच दिवसीय यात्रा श्री पाटीदार के संयोजन में निकाली गई थी। नितिन भाई के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में लगातार दूसरी यात्रा की तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। अब इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित देवीशक्ति यात्रा की रुपरेखा तैयार की गई है। श्री पाटीदार के मार्गदर्शन में ग्राम के युवाओं और संकीर्तन मंडल ने यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

# हरियाणा-यूपी के बदमाशों से अवैध हथियारों का जखीरा जब्त

## 10 पिस्टल और 5 कट्टों के साथ पांच गिरफ्तार, बेचने आया सिकलीगर भी शामिल

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** आधुनिक पिस्टल की तरह पिस्टल बनाने में माहिर हो चुके सिगनूर के सिकलीगर पुलिस का सिरदर्द बने हुए है। यहां बने हथियारों की डिमांड देशभर में है। ऐसे ही जानलेवा हथियारों के सौदे का पर्दाफाश करते हुए उत्तरप्रदेश और हरियाणा के बदमाशों से हथियारों की बड़ी खैप जब्त की है। दो अलग-अलग प्रकरण में पुलिस ने सिगनुर के सिकलीगर सहित उत्तरप्रदेश और हरियाणा के चार बदमाशों को अवैध हथियारों के जखीरे के साथ गिरफ्तार किया है।

कार्रवाई में दो लाख 50 हजार रुपए कीमत की 5 देशी पिस्टल, 75 हजार रुपए कीमत की 5 देशी कट्टे सहित एक बाईक जब्त की है। आरोपी सिकलीगर पर पूर्व से 4 आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज। गोगावां थाना पुलिस के अनुसार कार्रवाई में बारवा मिल फाटे पर ग्राम बेहरामपुर टेमा के पास अवैध हथियारों की डिलीवरी के दौरान दो खरीदारों और एक बेचवाल को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान फाटे पर रोड़ के आस-पास की झाड़ियों में छिप कर निगरानी रखी गई। यहां दो युवक किसी का इंतजार कर रहे थे, इन पर निगरानी रखी गई।




इसी दौरान बाइक पर आए युवक ने एक थैली उन दोनों को दी व जाने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। मौके से शीलेन्द्र पिता राधेश्याम यादव निवासी पनौता थाना इरादत नगर जिला आगरा उत्तरप्रदेश, यादवेन्द्र पिता सत्यवीर यादव निवासी पनौता जिला आगरा उत्तरप्रदेश एवं संदीप सिकलीगर निवासी सिगनुर को हिरासत में लिया। थैली को चेक करने पर 5 देशी पिस्टल व 5 कट्टे मिले। तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### घुघरियाखेड़ी से धराए हरियाणा के बदमाश

27 मार्च को थाना गोगावां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घुघरियाखेडी गोगांवा फाटा पर निगरानी की। इसी दौरान बताए गए हुलिये के दो व्यक्ति दिखाई दिए, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे, तत्काल घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पुलिस ने कार्रवाई में हर्षदीप निवासी मंडी दवाली थाना सिटी जिला सिरसा हरियाणा एवं हरप्रितसिंह निवासी ग्राम फुल्लो सदर थाना टबावली जिला सिरसा हरियाणा को पकड़ा। इनके पास मिले बैग की तलाशी लेने पर एक लाख 25 हजार रुपए कीमत की 5अवैध देशी पिस्टल मिली। आरोपियों का पुलिस रिमान्ड प्राप्त कर विस्तृत पूछताछ कर सिकलीगर को भी प्रकरण में आरोपी बनाया जाएगा।

## संगठन की ताकत कार्यकर्ता की कार्यशैली से होती है तय : विधायक पाटीदार

**खरगोन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में खरगोन ग्रामीण और खरगोन पश्चिम मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सोमवार को संपन्न हुआ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के तहत खरगोन ग्रामीण में मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार के संयोजन में प्रशिक्षण आयोजित किया गया।



पीपरी में आयोजित इस वर्ग के समापन अवसर पर विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। विधायक ने अपेक्षित कार्यकर्ताओं को अनुशासन, संगठन और समय की अहमियत पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की ताकत उसके कार्यकर्ताओं की कार्यशैली से तय होती है। उन्होंने समय की पाबंदी को सबसे जरूरी बताते हुए कहा कि पार्टी का कोई भी कार्यक्रम, बैठक या प्रशिक्षण हो, तो कार्यकर्ताओं को कम से कम 10 मिनट पहले पहुंचना चाहिए। यही अनुशासन संगठन को मजबूत बनाता है। समापन सत्र में जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने सोशल मीडिया, एआई, नमो एप्प और सरल एप्प के जरिये संगठन की रीति-नीति के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के तरीकों पर चर्चा की। इसी तरह खरगोन पश्चिम मंडल का शिविर भावसार धर्मशाला में आयोजित किया गया। इसके समापन सत्र में भाजपा महामंत्री हरेसिंह चावड़ा ने संगठन की कार्यप्रणाली, पार्टी की विचारधारा और आने वाले समय की रणनीतियों पर विस्तार से संवाद किया। इस दौरान जिला संयोजक शालिनी रतोरिया, मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रभा राठौर सहित अन्य वक्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। आज सिरवेल, भगवानपुरा और बिस्टान में शुरु होंगे प्रशिक्षण वर्ग मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया जिले के 28 मंडलों में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में 31 मार्च को जिले के सिरवेल महादेव, भगवानपुरा और बिस्टान मंडल में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे।

## एल्डरमैन के नामों को मिली सरकार की हरी झंडी, सूची की जारी

**खरगोन, निप्र।** जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक की नगर पालिका परिषदों में सरकार ने बहुप्रतीक्षित एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) की नियुक्तियों को हरी झंडी दे दी है। रविवार को जारी पहली सूची में खरगोन नगर पालिका में 6, जबकि जिले की महेश्वर, भीकनगांव, बिस्टान, करही और मंडलेश्वर नगर परिषदों में 4-4 सदस्यों को मनोनीत किया है।




नगरीय विकास और आवास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार खरगोन नगर पालिका में सुनीता गांगले, पवन सेन, दीपक कराले, पुरुषोत्तम कुमावत, अनिल गुप्ता और युवराज व्यास को नियुक्त किया गया है। कसरावद नगर परिषद में शंकर कुशवाह, मंगला शरदचंद्र सराफ, जितेंद्र पाटीदार और बिहारी यादव को एल्डरमैन बनाया गया है। भीकनगांव नगर परिषद में कपिल शर्मा, ज्योति भावसार, मंजू शुक्ला और खेमचंद शर्मा को मनोनीत किया गया है। महेश्वर नगर परिषद में सिंधु जोशी, जितेंद्र सावले, जितेंद्र साकले और महेश चंदेरीवाल को नियुक्त किया है। बिस्टान नगर परिषद में आनंदराम यादव, सुगनकौर जाधव, जयंतीलाल जायसवाल और लक्ष्मीनारायण सूर्यकर को एल्डरमैन बनाया है। मंडलेश्वर नगर परिषद में पवन अग्रवाल, मंजुला संतोष मेवाडे, गणेश पाटीदार और अनिरुद्ध हलवे की नियुक्ति की गई है। करही नगर परिषद में सुनील कौशल, रोहित यादव, दिनेश गोस्वामी व महेश पाटीदार को मनोनित किया गया है। इन नियुक्तियों पर जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, सांसद गजेंद्र पटेल, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, ने खुशी जताते हुए बधाई दी। इन एल्डरमैन का काम प्रशासन के प्रतिनिधियों के तौर पर एल्डरमैन नगर परिषदों के कामकाज की देखरेख करना होगा। विकास कार्यों को गति देना अहम भूमिका है।

# भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**सनावद, निप्र।** जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2625 वा जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही भक्ति भाव एवम हर्षोल्लास से मनाया गया। समाज प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक सभी समाजजनों ने बड़े ही भक्ति भाव से मनाया जिसके अंतर्गत दो दिवसीय कार्यक्रमों की बेला में एक दिन पूर्व रात्री में नवीन जैन परिसर में सर्वप्रथम कार्यक्रम के प्रारम्भ में भगवान महावीर के चित्र के समकक्ष चांदमल जी कोचर, इंजी. मनोज जैन, शैलेश लाठिया, आदित्य पंचोलिया, संतोष बाकलीवाल, समिति संयोजक वैभव सराफ, विशाल,चौधरी कुणाल जैन,आशीष जैन के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया एवं नगर के स्थानीय कलाकार संगीता पाटोदी, प्रदीप पंचोलिया, पंकज जटाले, प्रांशुल पंचोलिया के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई।



वर्धमान सागर पाठशाला एवं आचार्य वर्धमान सागर बहु मंडल के द्वारा सांस्कृतिक धार्मिक प्रस्तुतियां दी गई एवम मुख्य दिवस गुरुवार को प्रात: सर्वप्रथम पार्श्वनाथ बड़ा मंदिर में श्रीजी का अभिषेक नित्य नियम पूजन तत्पश्चात भगवान महावीर स्वामी को रथ में विराजमान करने का सौभाग्य ऋतिक सुधीर कुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ वही रथ का सारथी बनने का सौभाग्य सुधीर कुमार प्रशांत पुलकित चौधरी परिवार को प्राप्त हुआ वही शोधर्म इंद्र बनने का शौभाग्य सार्थक प्रफुल्ल कुमार जैन को प्राप्त हुआ साथ ही। जुलूस में बड़े मन्दिर जी से रथ में श्री जी को विराजमान कर के नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुन: बड़े मंदिर जी मे रथ यात्रा का समापन हूवा। रथ यात्रा की सभी धर्मावलंबियों ने अपने अपने घरों के सामने श्री जी की आरती उतार मंगल गीत गाए जुलूस का भाजपा, नगर पालिका परिषद, कांग्रेस पार्टी के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मंदिर जी में आचार्य श्री कुमुद नंदी जी महाराज एवं मुनि श्री विप्रणत सागर महाराज के सानिध्य में श्रीजी का पंचामृत अभिषेक एवं शांति धारा की गई मंदिर जी में आचार्य श्री ने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा की भगवान महावीर स्वामी के बताये हुवे रास्ते पर चलने वाला व्यक्ति कभी भी अपने धर्म से नही भटकेगा जैन धर्म बहुत ही शाश्वत धर्म है वे अनादी काल से चला आ रहा है ओर आगे भी चलता रहेगा। भगवान महावीर का अमर संदेश है जियो ओर जीने दो जिसे आज सम्पूर्ण विश्व मे जैन समाज मान कर जैन धर्म का प्रचार प्रसार कर रही है। वही रात्रि में बालक वर्धमान के माता पिता बनने का शोभाग्य विपिन कुमार ऊषा लाठियां परिवार कों प्राप्त हूवा। जुलूस में चांदमल जी कोचर परिवार के सहयोग से बनाई गई चलित टीले पर गाय के द्वारा स्वयं दूध झरने पर भगवान महावीर प्रकट होना वाली झाकी आकर्षण का केंद्र रही।सभी समाजजनों के द्वारा नवीन परिषद में बालक वर्धमान को पालना झुलाया गया व कमल जैन एंड पार्टी बड़वाह के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रशांत जैन मोनू ने किया इस अवसर पर इस सफल आयोजन के लिये भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के सदस्यों ने सभी समाजजनों का आभार माना।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान को मिली गति



**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देशन में महेश्वर विकासखंड में एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत लगातार प्रभावी रूप से टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में 28 मार्च 2026 को आयोजित 6 टीकाकरण सत्रों में विकासखंड की कुल 302 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। यह टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर रोग से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक एवं प्रभावी उपाय है।



मंडलेश्वर एसडीएम पूर्वा मंडलोई ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए तहसील स्तर पर समस्त विभागों के समन्वय से निरंतर कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो रहा है, जिससे टीकाकरण का कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो रहा है। प्रशासन ने अभिभावकों एवं समाज से अपील की है कि इस जनहितकारी अभियान में सहयोग बनाए रखें और बालिकाओं को समय पर एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें भविष्य में गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

**एक नजर में** — प्रसिद्ध कथावाचक और मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी ने किया नवीन शिक्षण संस्थान 'रेवांचल हाइट्स' का भव्य उद्घाटन

# घर से होती है संस्कारों की शुरुआत : जया किशोरी

**नवभारत न्यूज**

**सनावद, निप्र।** प्रसिद्ध कथावाचक एवं मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी ने रविवार रात नवीन शिक्षण संस्थान 'रेवांचल हाइट्स' का भव्य उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हजारों अभिभावकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आधुनिक शिक्षा के साथ पारिवारिक संस्कारों के संतुलन पर जोर दिया।

जया किशोरी ने कहा, 'आज की शिक्षा प्रणाली केवल धन कमाना सिखा रही है, जबकि शिक्षा का असली उद्देश्य एक बेहतर इंसान बनाना है। पुराने समय में घर और स्कूल दोनों जगह बड़ों के प्रति आदर, संस्कार और आध्यात्मिकता सिखाई जाती थी।'

**अभिभावकों को दी गई सलाह:-** जया किशोरी ने अभिभावकों से अपील की कि संस्कारों की शुरुआत घर से होनी चाहिए, क्योंकि बच्चे सबसे ज्यादा माता-पिता को देखकर सीखते हैं। उन्होंने कहा: बच्चे की गलती पर मारने-पीटने के बजाय उन्हें जीवन का सही सबक सिखाएं। हर जिद पूरी करने की बजाय सही-गलत का अंतर समझाएं। बेटे और बेटी दोनों को आत्मनिर्भर बनाएं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केवल परीक्षा में 'फर्स्ट' आना ही सफलता नहीं है। असली सफलता तब है जब अर्जित ज्ञान से समाज में सकारात्मक



बदलाव लाया जाए। विवाह पर खुलकर बोली जया किशोरी शादी से जुड़े सवालों पर जया किशोरी ने स्पष्ट कहा कि देर से शादी हो तो चलेगा, लेकिन गलत व्यक्ति से नहीं होनी चाहिए। सही जीवनसाथी जीवन को सुंदर बनाता है, जबकि गलत चुनाव सब कुछ बर्बाद कर सकता है।




### कार्यक्रम की मुख्य झलक

कार्यक्रम की शुरुआत मंगला जोशी, चंदा चोखड़ा और जया किशोरी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। क्षेत्रीय विधायक सचिन बिरला, स्कूल डायरेक्टर पुष्पेंद्र चोखड़ा, मिलिंद जोशी, परीक्षित जोशी और वंश चोखड़ा ने जया किशोरी का स्वागत किया। डायरेक्टर वंश माहेश्वरी ने संस्थान की आधुनिक सुविधाओं और संस्कारों के तालमेल पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर परीक्षित जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया। रेवांचल हाइट्स स्कूल नर्मदा नदी के किनारे स्थित है और आधुनिक शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों पर विशेष ध्यान देने का दावा करता है।